दैनिक भास्कर

बुरहानपुर 10-06-2025

# नेपा लिमिटेड में भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

## 125वें बलिदान दिवस पर अधिकारियों सहित कर्मचारियों ने किया नमन

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सोमवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में हुआ जहां उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके चित्र पर फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने कहा भगवान बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि वे आदिवासी चेतना, अस्मिता और सामाजिक संघर्ष के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध लड़ने की प्रेरणा देता है। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने कहा भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत से संघर्ष किया। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे योद्धा हैं जिनकी जीवनी आज भी प्रेरणा देती है कि कैसे अपने स्वाभिमान और प्रकृति की रक्षा की जाती है। इस अवसर पर प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, उप प्रबंधक वित्त व लेखा सीएन वर्मा, नेपा मिल श्रमिक संघ के अध्यक्ष प्रवीण सोनी, देवेंद्र कुमार पांडेय, आशुतोष मिश्रा, संजय पवार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



नेपा मिल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई।

नईदुनिया संजय चौहान 9406689018

# बिरसा मुंडा स्वतंत्रता सेनानी नहीं आदिवासी चेतना के भी प्रतीक

**नईदुनिया न्यूज, नेपानगर:** नेपा लिमिटेड में सोमवार को धरती आबा कार्यक्रम के तहत भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि आदिवासी चेतना, अस्मिता और सामाजिक संघर्ष के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध लड़ने की प्रेरणा देता है। इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकर, प्रवीण सोनी, देवेंद्र पांडेय, आशुतोष मिश्रा, संजय पवार सहित मिल के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।



भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देते नेपा मिल के अधिकारी-कर्मचारी। • नईदुनिया

पत्रिका

नेपा लिमिटेड में भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

# भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी चेतना, अस्मिता और सामाजिक संघर्ष के प्रतीक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सोमवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

आयोजन प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में हुआ। जहां उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने कहा भगवान बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि वे आदिवासी



भगवान के चित्र पर अर्पित की पुष्प माला।

चेतना, अस्मिता और सामाजिक संघर्ष के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध लडने की प्रेरणा देता है।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने कहा भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत से संघर्ष किया। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे योद्धा हैं जिनकी जीवनी आज भी प्रेरणा देती है कि कैसे अपने स्वाभिमान और प्रकृति की रक्षा की जाती हैं। इस अवसर पर प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, उप प्रबंधक वित्त व लेखा सीएन वर्मा, नेपा मिल श्रमिक संघ के अध्यक्ष प्रवीण सोनी, देवेंद्र कुमार पांडेय, आशुतोष मिश्रा, संजय पवार, आभा महतो, शिरीष येलवनकर, मिलिंद किरंगे, मुनेश्वर धीमन, पवन पवार, सुषमा गौर, आदित्य तिवारी, प्रतीक गणेचर, वर्षा पाटिल, अदिति मतलाने, पंकज गुर्जर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# नेपा लिमिटेड में भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि...125वें बलिदान दिवस पर अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया नमन

**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर/नेपानगर।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सोमवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रशासनिक भवन स्थित



केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में हुआ, जहां उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि वे आदिवासी चेतना, अस्मिता और सामाजिक संघर्ष के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध लड़ने की प्रेरणा देता है। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा ने जल,जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत से संघर्ष किया। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे योद्धा हैं, जिनकी जीवनी आज भी प्रेरणा देती है कि कैसे अपने स्वाभिमान और प्रकृति की रक्षा की जाती है। इस अवसर पर प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा सीएन वर्मा,नेपा मिल श्रमिक संघ के अध्यक्ष प्रवीण सोनी,देवेंद्र कुमार पांडेय,आशुतोष मिश्रा,संजय पवार,आभा महतो,शिरीष येलवनकर,मिलिंद किरंगे,मुनेश्वर धीमन,पवन पवार,सुषमा गौर,आदित्य तिवारी,प्रतीक गणेचर,वर्षा पाटिल,अदिति मतलाने,पंकज गुर्जर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# नेपा मिल में 125 वीं पुण्यतिथि पर बिरसा मुंडा को किया याद

● नेपानगर / राज न्यूज नेटवर्क

नेपानगर। नेपा लिमिटेड में सोमवार को बिरसा मुंडा की 125 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में हुआ। जहां उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि वे आदिवासी चेतना, अस्मिता और सामाजिक संघर्ष के प्रतीक हैं।

**अंग्रेजी हुकूमत से संघर्ष किया:**

उनका जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध लड़ने की प्रेरणा देता है। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत से संघर्ष किया। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे योद्धा हैं, जिनकी जीवनी आज भी प्रेरणा देती है कि कैसे अपने स्वाभिमान और प्रकृति की रक्षा की जाती है। इस अवसर पर प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा सीएन वर्मा, नेपा मिल श्रमिक संघ के अध्यक्ष प्रवीण सोनी, देवेंद्र कुमार पांडेय, आशुतोष मिश्रा, संजय पवार, आभा महतो, शिरीश येलवनकर, मिलिंद किरंगे, मुनेश्वर धीमन, पवन पवार, सुषमा गौर, आदित्य तिवारी, प्रतीक गणेचर, वर्षा पाटिल, अदिति मतलाने और पंकज गुर्जर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।




कार्यक्रम अवसर पर मौजूद पदाधिकारी।